शनिवार
04 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

डुमरांव नप की निवर्तमान चेयरमैन पर ईओ ने दर्ज कराया एफआईआर 3

पूर्वोत्तर राज्यों में हार के बाद कहीं दिख नहीं रही कांग्रेस: शाह

केटी न्यूज/लौरिया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के बीदर में शुक्रवार को जनसभा करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में हारने के बाद कहीं नहीं दिख रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। हारे तो हारे, लेकिन ऐसे हारे हैं कि दूरबीन लेकर भी नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस को नगालैंड में 0 सीट, मेघालय में 3 सीट और त्रिपुरा में सिर्फ 4 सीट मिली है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में बीजेपी को बहुमत मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के पास विजय का कोई सूत्र नहीं बचा है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। ये लोग नारे लगा रहे कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी और आम आदमी पार्ट के लोग कहते हैं कि मोदी तुम मर जाओ। इनके कहने



से क्या होता है। ईश्वर आपकी नहीं सुनेगा क्योंकि 130 करोड़ की जनता मोदी जी की लंबी आयु के लिए प्रार्थना कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जेडीएस और कांग्रेस दोनों परिवारवादी पार्टियां हैं, ये कभी कर्नाटक का कल्याण नहीं कर सकती हैं।

'कर्नाटक का सम्मान कैसे करेगी' अमित शाह ने कांग्रेस पर अपने वरिष्ठ नेताओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को उनके जन्मदिन पर सम्मानित किया, वह कुछ ऐसा है जो सभी राजनीतिक दलों को सीखना चाहिए कि ऐसे नेताओं के साथ कैसे व्यवहार किया जाता है।

शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने निजलिंग गप्पा को अपमानित किया। राजीव गांधी ने कद्दावर नेता वीरेंद्र पाटिल जी को एयरपोर्ट पर अपमानित किया। पार्टी के नेताओं का अपमान करने वाली कांग्रेस कर्नाटक का सम्मान कैसे करेगी? इसे देखते हुए बीजेपी को वोट करिए। शाह ने आगे कहा कि मैं सिद्धारमैया से पूछना चाहता हूं कि आपने क्या किया था? आपने सिर्फ दिल्ली के एक परिवार के लिए एटीएम बनकर भ्रष्टाचार का पैसा दिल्ली पहुंचाने का काम किया था। कांग्रेस और जेडीएस कभी कर्नाटक का कल्याण नहीं कर सकती।

उत्तर-पूर्व के तीनों राज्यों में बीजेपी गठबंधन को मिली जीत 2024 के लोकसभा चुनाव का पहला ट्रेलर: सुशील मोदी

उत्तर-पूर्व के तीनों राज्यों में सहयोगी दलों के साथ भारतीय जनता पार्टी दोबारा सत्ता में लौटी है। एक तरफ इसको लेकर बीजेपी में खुशी है तो वहीं दूसरी ओर इसको लेकर बयानबाजी भी अब शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर निशाना साधा है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि उत्तर-पूर्व के तीनों राज्यों में सहयोगी दलों के साथ बीजेपी का दोबारा सत्ता में लौटना 2024 के लोकसभा चुनाव का पहला ट्रेलर है। इस शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी।

सुशील मोदी का ललन सिंह पर हमला

अपने बयान में आगे सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू पूरी ताकत लगाकर नागालैंड की एक सीट बड़ी मुश्किल से जीत पाई। वहां ललन सिंह ने बिहार के आधा दर्जन मंत्रियों को कैंप कराया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने त्रिपुरा को 35 साल के कम्युनिस्ट शासन से मुक्ति दिलाई और विकास कार्यों के बल पर दोबारा जनादेश प्राप्त किया। कहा कि जिस नॉर्थ-ईस्ट के कई इलाके ईसाई-बहुल हैं और केंद्र की पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण उग्रवादग्रस्त थे, वहां मात्र आठ साल में बीजेपी बड़ी राजनीतिक ताकत बन गई।

तमिलनाडु की घटना को लेकर सरकार और विपक्ष आमने-सामने

केटी न्यूज/पटना

तमिलनाडु की घटना को लेकर बिहार में सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। शुक्रवार को सदन से वॉकआउट करने के बाद नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा परिसर में मीडिया को संबोधित किया। कहा कि तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों की हत्या हो रही है। तमिलनाडु पुलिस झूठ बोल रही है कि इस तरह की घटना नहीं हुई। सदन में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव झूठ बोलकर बिहार को गुमराह कर रहे हैं कि इस तरह की घटना नहीं हुई।

सदन में हो इस घटना पर चर्चा: विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव घटना के समय तमिलनाडु में थे। तमिलनाडु के सीएम के जन्मदिन में केक कटवा रहे थे। वह मृतकों के परिजनों से नहीं मिले। तेजस्वी मीडिया को झूठा साबित कर रहे हैं। कहा कि बीजेपी की मांग है कि बिहार विधानसभा से एक प्रतिनिधिमंडल को तमिलनाडु भेजा जाए ताकि सच आ पाए। सदन में हम लोग घटना पर चर्चा चाहते हैं लेकिन बिहार सरकार यह नहीं चाहती।

स्पीकर पर पक्षपात का लगा आरोप : नेता प्रतिपक्ष ने बिहार विधानसभा के स्पीकर अवध बिहारी चौधरी पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। कहा कि विपक्ष को बोलने नहीं दे रहे हैं। कहा कि तमिलनाडु सरकार और बिहार सरकार मामले में लीपापोती कर सच्चाई छुपा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बिहार सरकार मजदूरों को सुरक्षित बिहार लाए। हर हाल में मजदूरों को हम लोग वापस लाएंगे। लालू-नीतीश बिहारी मजदूरों की हत्या के जिम्मेदार हैं।

तेजस्वी यादव ने किया पलटवार

तेजस्वी यादव ने कहा कि वीडियो की सच्चाई पता किए बिना बीजेपी सदन में हंगामा कर रही है. तेजस्वी ने कहा कि जो दो वीडियो वायरल हो रहा उसमें एक तमिलनाडु के त्रिपुर में बिहार और झारखंड के श्रमिकों के बीच झड़प की घटना का है जबकि दूसरा कोयंबटूर के स्थानीय निवासियों के बीच विवाद की घटना का है। तेजस्वी ने तंज कसा और कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री से जांच करा लीजिए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद बिहार के हैं। उनसे भी जांच करा लीजिए। डिप्टी सीएम ने सदन में कहा कि फर्जी वीडियो को आधार बनाकर बीजेपी देश को गुमराह कर रही है। ऐसी कोई घटना होती तो बिहार सरकार तुरंत सुरक्षित मजदूरों को वापस बुला लेती। बेवजह बीजेपी ने सदन का समय बर्बाद किया।

खबरें फटाफट

जहरीली शराब में मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने का आदेश

पटना। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नालंदा जिले में हुए जहरीली शराब में मृतक के आश्रितों को तीन-तीन लाख रुपया मुआवजा देने का आदेश दिया है। ये आदेश राज्य सरकार को दिया गया है। छह सप्ताह की अवधि में इस भुगतान को सुनिश्चित कर प्रमाण के साथ उसकी रिपोर्ट सरकार के मुख्य सचिव से मांगी गई हैं। बता दें कि जनवरी 2022 में सोहसराय थाना इलाके में जहरीली शराब से 12 लोगों की मौत हुई थी। दो लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। दर्ज शिकायत पर आयोग ने संज्ञान लिया था।

सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की शुक्रवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। जानकारी के मुताबिक, सोनिया गांधी को बुखार आने के बाद सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल की ओर से कहा गया है कि सोनिया गांधी अभी निगरानी में हैं और उनके मेडिकल टेस्ट किए जा रहे हैं। हालांकि हालत अभी स्थिर बताई गई है। सोनिया गांधी का चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अरूप बासु की निगरानी में इलाज चल रहा है। कोई गंभीर बात नही है।

एयरपोर्ट डायरेक्टर को पत्र भेज होली के दिन ड्रोन से हमले का किया गया जिक्र

गया और बाबतपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी/नई दिल्ली

8 मार्च को जहां पूरा देश होली मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं गया और वाराणसी के बाबतपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दरअसल गया एयरपोर्ट डायरेक्टर बंगजीत साहा को एक पत्र भेजा गया है जिसमें 27 लोगों के नाम व पते दिए गए हैं। इस पत्र में होली के दिन ड्रोन और केमिकल हमले का जिक्र किया गया है।

बता दें कि एयरपोर्ट डायरेक्टर द्वारा इस पत्र को गृह मंत्रालय और गया के एसएसपी को भेज दिया गया है। वहीं इस मामले के सामने आने के बाद गया में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही जांच एजेंसिया व पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ चुकी हैं। साहा द्वारा इस बाबत जिला पुलिस व अन्य एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है जिसके बाद गया एयरपोर्ट की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। साथ ही एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों को भी हाई अलर्ट में तैनात रहने को कहा गया है। साथ ही आने जाने वाले सभी लोगों पर नजर रखने को कहा गया है। जो पत्र बंगजीत साहा को भेजा गया है। इसमें कुल 27 लोगों के नाम व पते दिए गए हैं। इस पत्र में 21 बिहार के लोगों के नाम व पते दिए गए हैं, जिनमें से 3 लोग गया के बताए गए हैं। वहीं झारखंड के 2 तथाकथित व्यक्तियों, झारखंड के 4 व्यक्तियों के नाम पते दिए गए हैं।

वहीं, इस मामले में एसएसपी आशीष कुमार भारती ने बताया कि गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के डायरेक्टर बंगजीत साहा को एक पत्र के माध्यम से संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। पत्र में कुल 27 व्यक्तियों का नाम-पते हैं, जिसमें बिहार राज्य के

- गया एयरपोर्ट डायरेक्टर ने धमकी भरे पत्र को गृह मंत्रालय और एसएसपी को भेजा
- मामला सामने आने के बाद गया और वाराणसी में हाई अलर्ट जारी किया गया

तथाकथित 21 व्यक्तियों के नाम पते (जिसमें से गया जिला के तथाकथित 3 व्यक्तियों का नाम पता अंकित है), झारखंड के तथाकथित 2 व्यक्तियों के नाम पते और असम के तथाकथित 4 व्यक्तियों के नाम पते हैं। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच और कार्रवाई के लिए गया पुलिस के संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बाबतपुर एयरपोर्ट की निदेशिका आर्यमा सान्याल को मिला धमकी भरा पत्र : होली के दिन बाबतपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट की निदेशिका आर्यमा सान्याल को धमकी भरा पत्र मिला। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। इसके बाद से सीआईएसएफ एयरपोर्ट की सुरक्षा में अलर्ट हो चुका है। मुख्य सुरक्षा अधिकारी शक्ति त्रिपाठी की तहरीर पर फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। शक्ति त्रिपाठी ने एसीपी पिंडरा को बताया कि बिहार से एक पत्र के माध्यम से होली के दिन हमला करने की सूचना मिली है । पत्र मिलने के बाद एयरपोर्ट प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों की आपात बैठक हुई।

एजेंसियां अलर्ट मोड पर: एसीपी

वहीं इस मामले में एसीपी पिंडरा अमित कुमार पांडेय ने बताया कि एयरपोर्ट के सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि इस पत्र को जिस व्यक्ति ने भेजा है उसका सत्यापन किया जा रहा है यह मामला बेहद संवेदनशील है। पुलिस विभाग के अधिकारी डाक विभाग से संपर्क कर चिट्ठी भेजने वाले के बारे में पता लगा रही है।

देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी: तोगड़िया

बेगूसराय: अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने बेगूसराय में कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होंने भारत में बढ़ती जनसंख्या को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि देश में आज जनसंख्या नियंत्रण कानून की अत्यंत आवश्यकता है। इतना ही नहीं जिस तरह से उत्तर बिहार में बांग्लादेशी घुसपैठिए की तादाद बढ़ रही है वह जल्द ही 20 सालों में कश्मीर बन जाएगा और जिस तरह से कश्मीर में हत्या लूट पलायन हो रहा है। वैसे ही पूर्णिया और सीमांचल का हालात हो जाएगा। कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था और रहेगा। आज देश में सस्ती शिक्षा, कर्ज मुक्त किसान , रोजगार युक्त युवा की जरूरत है।

विधानसभा में लगी अदालत, विशेषाधिकार हनन के मामले में सजा सुनाने की हुई कार्यवाही

यूपी की सदन ने छह पुलिसकर्मियों को सुनाई सजा

एजेंसी/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की विधानसभा शुक्रवार को अदालत में बदल गई। विशेषाधिकार हनन के मामले में सदन में छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ सजा का फैसला सुनाया गया। सभी पुलिसकर्मियों को सदन के अंदर कटघरे में पेश किया गया, जहां विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सजा सुनाई। इन सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन मामले में सुनवाई हुई। सदन की समिति ने 27 फरवरी को इन सभी को दोषी ठहराया था जिसके बाद शुक्रवार को सजा सुनाने की कार्यवाही की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी पुलिसकर्मियों को शुक्रवार रात 12 बजे तक कारावास की सजा सुनाई। दोषी पुलिसकर्मियों को विधानसभा परिसर के ऊपर बने सेल में सजा की अवधि तक रहना होगा।

विधानसभा की एक सेल में जेल का प्रावधान: विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दोषी पुलिसकर्मियों को सदन में पेश करने का आदेश दिया था। पुरानी विशेषाधिकार समिति ने इन पुलिसकर्मियों को दोषी पाते हुए इनके खिलाफ कठोर दंड की सिफारिश की थी। स्पीकर सतीश महाना ने संसदीय कार्यमंत्री के सजा प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए सभी को 1 दिन के लिए कारावास का आदेश दिया।

क्या था मामला?

2004 में सपा की सरकार थी। मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे। उसी समय बिजली कटौती के मामले को लेकर सतीश महाना (वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष) कानपुर में धरने पर बैठे थे। उस समय पार्टी के तमाम विधायक व नेता उनके समर्थन में जा रहे थे तो पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज में उस समय विधानसभा सदस्य रहे सलिल विश्नोई की टांग टूटी थी और वो महीनों बेड पर रहे थे। इसके बाद उन्होंने 25 अक्टूबर 2004 को विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना की सूचना दी थी।

इन पुलिसकर्मियों को सुनाई गई सजा: जिन पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई गई उनके नाम इस प्रकार हैं- तत्कालीन क्षेत्राधिकारी अब्दुल समद, तत्कालीन थानाध्यक्ष ऋषिकांत शुक्ला, तत्कालीन उपनिरीक्षक त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबल छोटेलाल यादव, विनोद मिश्र और मेहरबान सिंह।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा में एक ही सेल है जिसमें जेल का प्रावधान है। इन छह पुलिसकर्मियों को उसमें रहना होगा। सजा पर सतीश महाना ने कहा कि यह प्रकरण चिंतनीय है। अफसरों ने अपने अधिकारों से परे जाकर काम किया। ऐसे मौकों पर विधायिका की शक्तियों का प्रयोग किया जाना चाहिए। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश है। कार्यपालिका को अपनी सीमाओं का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। इसमें तत्कालीन सीओ अब्दुल समद ने सदन से माफी मांगी। कहा कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। इस मामले में अखिलेश यादव ने सिर्फ इतना कहा- यह गलत परंपरा है।

खबरें फटाफट

पिकअप वैन की टक्कर से युवक की मौत

जहानाबाद। जहानाबाद में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। जहां फसल लेकर आ रहे एक युवक को पिकअप वैन ने टक्कर मार दिया। इसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि सुमे मुसहरी निवासी कौशल मांझी (25) शुक्रवार को अपने खेत से फसल लेकर आ रहा था। जैसे ही सिकडिया सड़क पर पहुंचा, तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप वैन ने जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया। इसके कारण यह व्यक्ति सड़क पर ही गिर गया। आसपास के लोग हल्ला करने लगे और इसकी सूचना सिकरिया ओपी को दी गई। पुलिस द्वारा पिकअप वैन को जप्त कर लिया है। बताया जाता है कि पिकअप वैन चालक किसी अन्य जगह से कोई घटना कर तेज रफ्तार से भाग रहा था। इसी के कारण अचानक इस युवक को चपेट में ले लिया। इसके कारण इसकी मौत हो गई।

युवक की करंट लगने से मौत

आरा। भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआं गांव में गुरुवार को शौच करने निकले एक युवक की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सरथुआं गांव निवासी विनय सिंह के 24 वर्षीय पुत्र अरूण कुमार शौच के लिये बधार में गया था। इस दौरान वह बिजली के टूटे तार की चपेट में आकर झुलस गया।

16 मार्च को 1.10 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी अल्बेंडाजोल की दवा : डीआईओ

- कृमि मुक्ति अभियान के तहत सदर प्रखंड के बीआरसी में निजी स्कूलों के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण
- शून्य से लेकर 19 साल तक के बच्चों को कृमि की दवा खिलाने की दी गई जानकारी

केटी न्यूज/बक्सर

जिले के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि से बचाने के लिए 16 मार्च को कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाने वाला है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग के समन्वय से विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर शून्य से 19 साल तक के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा (अल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी विभाग अपनी अपनी ओर से तैयारी में जुट गए हैं। इस क्रम में शुक्रवार को सदर प्रखंड स्थित ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) में निजी स्कूलों के शिक्षकों को कृमि मुक्ति अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें बच्चों को उम्र के हिसाब से अल्बेंडाजोल की दवा खिलाने के साथ रिपोर्ट अपडेट करने के संबंध में बताया गया। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन सह जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी (डीआईओ) डॉ. राज किशोर सिंह ने शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह, बीईई मोनज चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजय प्रसाद, निजी स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

तीन से 19 साल तक के बच्चों को एक गोली चबाकर खिलानी है :

डीआईओ डॉ. आरके सिंह ने शिक्षकों को बताया कि सरकार से प्राप्त निर्देश के तहत जिले में 16 मार्च को कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जिले के शून्य से लेकर 19 साल तक के एक लाख 10 हजार बच्चों और किशोर-किशोरियों को अल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी। इनमें सरकारी स्कूल के 82 हजार और निजी स्कूलों के 28 हजार निजी स्कूलों के बच्चों को लक्षित किया गया है। इन बच्चों को उम्र के हिसाब से दवा की खुराक दी जानी है। उन्होंने बताया कि एक से दो साल तक के बच्चों को आधी गोली पीसकर और दो से तीन साल तक के बच्चों को एक गोली पीसने के बाद उसे पानी में मिलाकर देनी है। वहीं, तीन से 19 साल तक के बच्चों को एक गोली चबाकर खिलानी है।

पेट में कृमि को खत्म करने को दी जाती है दवा, साइड इफेक्ट नहीं

डीआईओ डॉ. आरके सिंह ने बताया, कृमि को नष्ट करने के लिए कृमिनाशक अल्बेंडाजोल की दवा का सेवन कराया जाता है। इस दवा से कोई भी साइड-इफेक्ट नहीं होता। पेट में अधिक कीड़े या कृमि होने से उनमें दवा देने पर कुछ लोगों में प्रतिकूल प्रभाव जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट या उल्टी हो सकती है। जो दो से चार घंटे में समाप्त हो जाती है। यह पेट में कीड़े की मौजूदगी का सबूत है। उन्होंने बताया कि दवा के थोड़े प्रतिकूल प्रभाव दिखने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। बच्चे को थोड़े समय के लिए खुली हवा में लेटा दें और पानी पिला दें। कुछ समय में दवा खाने वाला बच्चा सामान्य अवस्था में आ जाता है। इस दवा के सेवन न करने से पेट में होने वाले कीड़े या कृमि से बच्चों के शरीर में खुराक नहीं लगती और बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगते हैं।

सारण जिले के गड़खा थाना अंतर्गत मैंकी गांव की घटना, पूरे इलाके में रहा अफरा-तफरी का माहौल

सारण में बेखौफ हुए अपराधी, वांटेड क्रिमिनल को पकड़ने गयी एसआईटी की टीम पर हमला

केटी न्यूज/छपरा

सारण जिले के गड़खा थाना अंतर्गत मैंकी गांव में अपराधियों को पकड़ने गई एसआईटी टीम पर बेखौफ अपराधियों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग में एसआईटी के एक सिपाही को सीने में गोली लगी है। जिसे जख्मी हालत में पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एसआईटी की टीम गुरुवार की रात गड़खा थाना क्षेत्र के उधियांन टोला मैकी गांव के रहने वाले वांटेड क्रिमिनल राजेश महतो को गिरफ्तार करने पहुंची थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि राजेश महतो अपने घर पर मौजूद है। पुलिस ने बदमाश राजेश के घर छापेमारी की तो वह घर से भागने लगा। बदमाश भागते समय अचानक एसआईटी पर गोली चलाने लगा। जिसमें एक गोली एसआईटी के जवान विकास कुमार के सीने में लग गई। गोली लगने से एसआईटी का जवान जख्मी हो गया। इस बीच बदमाश वहां से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इधर जख्मी जवान को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जहां पर जख्मी जवान का इलाज चल रहा है।

हथियारों से लैस थे अपराधी : पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेश महतो मुजफ्फरपुर में दर्ज एक मामले में भी फरार है। उसे वहां की भी एसआईटी की टीम भी खोज रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी गौरव मंगला ने बताया कि गांव में कुख्यात अपराधी राजेश कुमार के छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी की, लेकिन अपराधी हथियारों से लैस थे और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की टीम हथियार तस्कर गिरोह के कुख्यात अपराधी राजेश को पकड़ने के लिए गई थी। राजेश जिले का कुख्यात अपराधी है। जिसका संबंध अन्य जिलों के अपराधियों के साथ भी है।सारण में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए वह अन्य जिलों के अपराधियों के साथ गड़खा थाना क्षेत्र के मैकी गांव स्थित एक घर में पहुंचा था।

- अपराधियों ने छापेमारी करने पहुंचे सिपाही के सीने में मारी गोली
- दो दिनों में तीन बार अपराधियों ने पुलिस पर बोला हमला

नहीं रहा अपराधियों में पुलिस का खौफ : बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया है। इस घटना के एक दिन पहले दरियापुर पुलिस पुलिस पर शराब माफिया ने हमला कर दिया था। हमला कर शराब माफिया को छुड़ाकर शराब तस्कर ले गए जिसके बाद पुलिस अब छापेमारी कर रही है। वहीं मसरख में भी एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया गया। पुलिसकर्मी शराब की तलाश में छापेमारी करने पहुंचे थे। जहां शराब माफिया ने पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने में सफल रहा। पुलिस पर लगातार हमले हो रहे हैं जिसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं रहा है। गत दिनों पुलिस जवान पर लगातार हो रहे हमलों से एक बात तो स्पष्ट हो रही है कि अब अपराधियों में पुलिस का खौफ मिटता जा रहा है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने जा रही है, लेकिन उनको अपराधियों के हमलों का सामना करना पड़ रहा है।

पहले भी हुए हैं पुलिस पर हमले

- अवतार नगर थाने की पुलिस जीप में आग लगा दी। तथा पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किए। एक अन्य घटना में वर्ष 1998 में एक हत्या कांड के सिलसिले में पहुंची गड़खा थाना पुलिस पर जीगना, मीनापुर, खदहां आदि गांवों के लोगों ने हमला बोल दिया था।
- गड़खा थाना क्षेत्र के पूर्वी छोर बसंत पकवा इनार के समीप वर्ष 2008 में एक ट्रक चालक की गला रेतकर की गई थी। निर्मम हत्या एवं लूट की घटना से आक्रोशित लोगों ने गड़खा-मानपुर रोड को घंटों जाम किया था। जहां पुलिस पर लोगों ने हमला बोला था।
- गड़खा स्थित सरगट्टी में 19 मार्च 2011 में पुलिस बल पर हमले में एक एएसआई समेत आधे दर्जन से अधिक हुए थे घायल। देशी शराब के अवैध कारोबार के शिकायत पर तत्कालीन थानाध्यक्ष बीके पाण्डेय के नेतृत्व छापेमारी करने गई पुलिस बल पर लगभग एक हजार लोगों ने एक साथ हमला बोला था।
- गड़खा थाना क्षेत्र के कुदरबाधा गांव में 16 अक्टूबर 2018 को मछली मारने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें सीओ और पुलिस टीम मौके को संभालने पहुंची थी। लेकिन अक्रोशितों ने सीओ और पुलिस पर हमला कर दिया था।
- गड़खा थाना क्षेत्र में बालू माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला किया था। जिसमें गड़खा एसएचओ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं ट्रक के कुचले जाने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी।
- मुफस्सिल थाना इलाके के रामनगर में 16 सितंबर 2022 को पुलिस के दो जवान झपट्टामार गिरोह के लोगों की धरपकड़ के लिए छापेमारी करने पहुंचे। तभी दो बदमाशों ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। दोनों जवान घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया।

बंटवारे के विवाद को लेकर भाई-भाभी की लाठी-डंडे से पिटाई

आरा। भोजपुर जिले नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम बंटवारे के विवाद को लेकर देवर ने भाभी और सगे भाई की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट की घटना में दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसके बाद आनन-फानन में परिवार के कुछ सदस्यों द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, इस मारपीट के बाद परिवार में दहशत का माहौल कायम हो गया।

घायलों में नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी बिरेंद्र यादव का 35 वर्षीय पुत्र घिरेंद्र यादव उनकी पत्नी 30 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी शामिल है। इधर, पुष्पा देवी ने बताया कि उनके देवर के बीच बंटवारे को लेकर कई दिनों से विवाद चला आ रहा है। जब आज देर शाम मेरे पति घर पर थे तभी उन लोगों द्वारा उनका मोबाइल और कुछ नगद रुपए छीन लिया। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो उसके द्वारा कहा गया कि तुम लोगों का इस घर में कोई हिस्सा नहीं है। इसलिए अपना परिवार लेकर घर से निकल जाओ। इसी बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई और मामला बढ़ गया।

इसके बाद देवर व उसकी पत्नी ने हम दोनों की बल्ले से पिटाई कर दी। इससे हम दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। हो हल्ला सुनकर पाटीदार जख्मी हालत में हम दोनों को सदर अस्पताल लेकर आए।

छत से गिरकर शिक्षक की मौत परिजनों का हत्या का आरोप

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के तरारी थाना क्षेत्र के कुसम्ही गांव में गुरुवार की दोपहर छत से गिरने से एक शिक्षक की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक कुसम्ही गांव निवासी स्व.कन्हैया राम के 50 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र प्रसाद थे। वह गांव में ही स्थित मध्य विद्यालय में पदास्थापित थे। उनके पुत्र हरिवंश कुमार की ओर से हत्या का किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उसने बताया कि पट्टीदारों ने साथ मारपीट करने के बाद छत से धकलने कर उनकी जान ली। बताया कि उसका मकान बन रहा था और छत की ढलाई होने वाली थी। उसे लेकर उसके पिता ने पट्टीदार के घर के सामने ढलाई का सामान रखवाया था। गुरुवार की दोपहर उक्त पट्टीदार और उसके पुत्र द्वारा समान को हटाने के लिए कहा जा रहा था। उस पर उनके पिता द्वारा एक-दो रोज का समय की मांग की गयी। उसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद उक्त पट्टीदारों द्वारा छत पर चढ़कर पहले उसके पिता के साथ मारपीट की गयी। उसके बाद छत से धक्का दे दिया गया।

आरा की पूर्व सांसद मीना सिंह ने जदयू से दिया इस्तीफा

केटी न्यूज/पटना

उपेंद्र कुशवाहा के जदयू छोड़ने के बाद पार्टी को एक और झटका लगा है। पार्टी की एक और नेता ने शुक्रवार को जदयू छोड़ने का ऐलान कर दिया। आरा की पूर्व सांसद मीना सिंह ने जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मीना सिंह ने अपना इस्तीफा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को भेज दिया है। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जंगलराज के युवराज को अपना उत्तराधिकारी बना लिया है।

बिहार के आरा से पूर्व सांसद रही मीना सिंह आरा से दो बार सांसद का चुनाव जीत चुकी हैं। इसके बाद अब वो खुद जदयू से अलग होने का ऐलान कर दिया है। यह लोकसभा से पहले जदयू के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व सांसद मीना सिंह जदयू से इस्तीफा देने के बाद भाजपा का दामन थामनेवाली है। मीना सिंह के भाजपा में जाने से भोजपुर इलाके में महागठबंधन खासकर जदयू को लोकसभा चुनाव में काफी नुकसान होने की बात कही जा रही है। जदयू की पूर्व सांसद मीना सिंह के पति का निधन हो चुका है। इनके पति भी बिक्रमगंज से सांसद रह चुके हैं। मीना सिंह 2009 में आरा से सांसद चुनी गईं. 2014 तक यहां का उन्होंने प्रतिनिधित्व किया था। इसके पहले कि अगर बात करें तो मीना सिंह 2008 में उपचुनाव में जीत कर बिक्रमगंज लोकसभा सीट क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया था। 2014 में मोदी लहर में जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ीं, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। 2019 में मीना सिंह चुनाव से दूर रहीं। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा।

संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिला पदाधिकारी रिची पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में बताया गया कि तृतीय स्नातक स्तरीय संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा, 23.12.22 के प्रथम चरण की पुनर्परीक्षा 05 मार्च को जहानाबाद जिले में 13 परीक्षा केन्द्रों पर अपराह्न 12:00 बजे अपराह्न से 02:15 बजे तक होगी।

उक्त परीक्षा राज्य संपोषित गर्ल्स इंटर स्कूल, जहानाबाद, डॉ0 भीमराव अम्बेदकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, दक्षिणी, मानस इंटरनेशन पब्लिक स्कूल, दक्षिणी, स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद, डी.ए.भी. पब्लिक स्कूल, धनगावॉ, गॉधी स्मारक इंटर स्कूल, श्यामनगर, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, अनुग्रह नारायण सिन्हा कॉलेज, गौतमबुद्ध उच्च विद्यालय, एस.एन. सिन्हा कॉलेज, मुरलीधर उच्च विद्यायल, प्रतिभा पल्लवन मेमोरियल स्कूल, बेंकटेश्वर नगर एवं मानस स्कूल,बभना जहानाबाद परीक्षा केन्द्रों पर संचालित किया जाएगा।

परीक्षा के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, स्वच्छ संचालन, विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। बैठक में सीलबंद पैकेटों में टेस्ट बुकलेट -सह- ओ.एम.आर. उत्तर पत्रकों के साथ-साथ अन्य परीक्षा सामग्रियों वाले सीलबंद बक्से केन्द्र प्रेक्षक, स्टैटिक दंडाधिकारी और दो वरिष्ठतम वीक्षकों की उपस्थिति में केन्द्राधीक्षक द्वारा फॉर्म संख्या 7 में प्रमाण पत्र देने के बाद परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले ही खोले जाऐंगे। जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सीलबंद लिफाफों मे पैक की गयी टेस्ट बुकलेट -सह- ओ.एम.आर. उत्तर पत्रकों को अभ्यर्थियों को ससमय वितरित किया जाए। सभी केन्द्राधीक्षक को निदेश दिया गया कि परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे।

लोकनायक जय प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में चलाया गया मॉपअप राउंड

आठ से 14 वर्षों में दिखने शुरू होते हैं फाइलेरिया बीमारी के लक्षण : डीपीओ

- शिक्षकों और विद्यार्थियों को कराया गया फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

केटी न्यूज/छपरा

फाइलेरिया के प्रभाव को कम करने के लिए जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम के तहत मॉप अप राउंड चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को सारण जिला के लोकनायक जय प्रकाश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में मॉप राउंड के तहत प्रोफेसर्स, शिक्षक और यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई। इस क्रम में संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान बताया गया कि संस्थान के लगभग एक हजार विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जाएगा। इसके लिए आगामी तीन दिनों तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। ताकि, अधिकाधिक विद्यार्थियों को कार्यक्रम का लाभ दिलाया जा सके। इस दौरान केयर इंडिया के वीएल डीपीओ आदित्य कुमार ने बताया विद्यार्थियों को बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में सभी लक्षित लाभुकों को तीन प्रकार की दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि रोग का समूल नाश हो सके। इस क्रम में फाइलेरिया की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए डीईसी, अल्बेंडाजोल और आईवरमेक्टिन की दवा दी जा रही है।

दवाओं का सेवन जरूरी : केयर इंडिया के वीएल डीपीओ आदित्य कुमार ने बताया, फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसमें व्यक्ति जीवनपर्यंत के लिए दिव्यांग हो सकता है। इस बीमारी के लक्षण आठ से 14 वर्षों में दिखने शुरू होते हैं। जिससे व्यक्ति इसे गंभीरता से नहीं ले पाता है। इसके लिए एमडीए के बाद आईडीए प्रोग्राम की शुरूआत राज्य के तीन जिलों में हो रही है, जिसमें एक सारण जिला भी है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 2 से 5 वर्ष तक की आयु वाले को डीईसी की एक गोली, 6 से 14 आयु वालों को डीईसी की दो गोली और 15 से ऊपर आयु वर्ग वाले को डीईसी की तीन गोली खिलानी है। साथ ही, अल्बेंडाजोल की एक गोली सभी आयु वर्ग वालों को खिलाई जानी है। वहीं, आईवरमेक्टिन की गोली उनके शारीरिक लंबाई के अनुसार निर्धारित की गई है। जिसकी संख्या एक से लेकर चार तक हो सकती है।

फाइलेरिया विकलांगता उत्पन्न करने वाली ऐसी संक्रामक बीमारी : डीपीओ आदित्य कुमार ने बताया, फाइलेरिया विकलांगता या विरूपता उत्पन्न करने वाली संक्रामक बीमारी है। जिसकी रोकथाम के लिए सरकार प्रयासरत है। फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है जो एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से होता है। इसके काटने के 15 दिन बाद बुखार आना, कुछ समय पश्चात शरीर के किसी भी अंग में सूजन का होना जैसे हाथी पांव, पैरों में सूजन, अंडकोषों में सूजन, स्तन और हाथों में स्थायी सूजन का होना फाइलेरिया के लक्षण हैं।

उन्होंने कहा कि अमूमन जिनके अंदर फाइलेरिया के परजीवी होते हैं, उनमें ही साइड इफेक्ट देखने को मिलते हैं। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उल्टी, बदन में चकत्ते और खुजली जैसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं। इससे घबराने की जरूरत नहीं , यह स्वतः ठीक हो जाते हैं। इसके साइड इफेक्ट सामान्य होते , जो प्राथमिक उपचार से ठीक हो जाते हैं। मौके पर फाइलेरिया इंस्पेक्टर मोहम्मद मुस्तफा, पीसीआई के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार सिंह, बीसी पंकज कुमार व संस्थान के फैकल्टी मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

बंद घर से लाखों के गहने व 50 हजार नकद ले उड़े चोर

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में एक बंद पड़े घर का ताला तोड़ चोरों ने 50 हजार रुपये नकद और लाखों रूपए मूल्य के सोने तथा चांदी के गहने चोरी कर लिए है। चोरों ने घटना को तब अंजाम दिया जब घरवाले अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गये थे। इस मामले में बैरिया गांव के रहने वाले मुन्नी लाल चौधरी ने कोरानसराय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां शादी में गया था। जब सुबह में घर पहुंच कर दरवाजे का ताला खोला तो अंदर सामान बिखरा देख रह गयी और इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोरों ने आलमीरा का ताला तोड़कर 50 हजार नगद रुपये, सोने के झुमका और चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

10 लीटर महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नावानगर। सोनवर्षा ओपी के पनियारी गांव के पास नहर मार्ग से 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर पनियारी गांव के कृष्णकांत सिंह है। जो एक गैलेन में महुआ शराब लेकर नहर मार्ग से पैदल अपने घर जा रहा था। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि मणियां नहर मार्ग से एक गैलेन महुआ शराब लेकर तस्कर जा रहा है। इसी सूचना पर कार्रवाई की गई।

डुमरांव नगर परिषद की निवर्तमान चेयरमैन पर ईओ ने दर्ज कराया एफआईआर

- हाईकोर्ट के निर्देश व वरीय अधिकारियों की जांच प्रतिवेदन के आधार पर ईओ ने कराया है एफआईआर
- बिना बजट प्राक्कलन के ही राशि निकासी का लगा है गंभीर आरोप

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद के निवर्तमान चेयरमैन भाग्यमनी देवी पर ईओ मनोज कुमार ने स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। यह एफआईआर माननीय पटना हाई कोर्ट में दायर सीडब्लूजेसी नंबर 4704/2021 विभा देवी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में 28 अप्रैल 2021 को पारित आदेश के बाद डीएम के निर्देश पर 3 सितंबर 2021 को अपर समाहर्ता तथा डुमरांव एसडीओ के संयुक्त जांच रिपोर्ट के बाद किया गया है। बता दें कि अपर समाहर्ता व एसडीओ के जांच रिपोर्ट में निवर्तमान पार्षद पर लगे आरोप की पुष्टि हुई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही डीएम अमन समीर ने निवर्तमान मुख्य पार्षद पर एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश ईओ मनोज कुमार को दिया। जिसके बाद ईओ ने डुमरांव थाने में एफआईआर दर्ज कराया है।

ईओ मनोज कुमार ने जो एफआईआर के लिए डुमरांव थाने में जो आवेदन दिए है उसमें निवर्तमान चेयरमैन पर बजट प्राक्कल प्रस्तुत नहीं करने, बिना बजट प्राक्कलन के लिए अनियमित रूप से निकासी तथा व्यय करने जैसे संगीन आरोप लगाए है। एफआईआर दर्ज होने के बाद निवर्तमान पार्षद की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

चेयरमैन पर एफआईआर से गरमाई नप की राजनीतिः डुमरांव नगर परिषद चुनाव की रणभेरी बजने से पहले ही निवर्तमान मुख्य पार्षद पर एफआईआर दर्ज होने से नगर परिषद की राजनीति गरमा गई है। इस संबंध में पक्ष तथा विपक्ष द्वारा कई तरह की चचाएं की जा रही है। बता दें कि अभी तक डुमरांव नगर परिषद के चुनाव की तिथियां भी घोषित नहीं की गई है। अप्रैल में चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं चेयरमैन पर एफआईआर की चर्चा पूरे दिन शहर के चौक चौराहों पर होते रही।

चेयरमैन ने आरोपों को किया खारिज

निवर्तमान चेयरमैन भाग्यमनी देवी ने अपने उपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राजनैतिक साजिश के तहत उनपर एकपक्षीय कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि बजट प्राक्कल बनाने का काम ईओ का होता है। पूर्व ईओ सुजीत कुमार ने बजट प्राक्कल तैयार नहीं किया था। उन्होंने बिना बजट प्राक्कलन के व्यय के आरोपों को भी निराधार बताते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच में उन पर लगे आरोप निराधार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई एक पक्षीय है। नियमतः पूर्व ईओ पर भी एफआईआर दर्ज होना चाहिए था।

पूर्व ईओ पर लगते रहे हैं गंभीर आरोप

वही पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार का कार्यकाल भी डुमरांव में विवादों से घिरा रहा है। उनके दौरान नगर परिषद में लूट खसोट के कई गंभीर आरोप लगे थे। डुमरांव के सामाजिक कार्यकताओं द्वारा उनकी संपति की जांच भी निगरानी से कराने की मांग की जा चुकी है। हालांकि इस संबंध में पूर्व ईओ से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

बोले एएसपी: एएसपी राज ने कहा कि डीएम के निर्देश पर एफआईआर हुआ है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

डुमरांव के निवर्तमान वार्ड पार्षद सोनू राय का एक दिवसीय धरना संपन्न, शामिल हुए सैकड़ों लोग

पेयजल की समस्या, सफाई के नाम पर लाखों की लूट के खिलाफ बोला हमला

- पेयजल, सफाई, आवास योजना आदि समस्याओं पर मुखर हुए लोग
- छठिया पोखरा पर दिया पांच सूत्री मांगों के समर्थन में धरना

केटी न्यूज/डुमरांव

निवर्तमान वार्ड पार्षद सोनू राय के नेतृत्व में शुक्रवार को छठिया पोखरा के पास एक दिवसीय धरना दिया गया। इस धरने में शहर के सैकड़ों महिला व पुरूष शामिल हुए। बता दें कि निवर्तमान पार्षद ने शहर में व्याप्त पेयजल की समस्या, सफाई के नाम पर लाखों की लूट, लाभुकों को आवास योजना के दूसरे किश्त का लाभ नहीं मिलना। सोलर व स्ट्रीट लाइटों के मरम्मती की खानापूर्ति समेत पांच सूत्री मांगों के समर्थन में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया था। धरना की अध्यक्षता कर रहे निवर्तमान पार्षद सोनू ने कहा कि नगर परिषद के उदासीन रवैये से पूरे शहर में मुलभूत सुविधाएं तक लोगों को मस्सर नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी की शुरूआत में ही पूरा शहर बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि छठिया पोखरा के पास बनाया गया जलमीनार अबूझ पहेली बन गया है। इस जलमीनार से कभी भी निर्बाध गति से एक पखवारे तक भी जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। जबकि इससे जुड़े तीन हजार परिवारों के लिए पेयजल का यह एकमात्र विकल्प है। पिछले महीने भर से इस इलाके के लोग पेयजल के लिए भटक रहे है। वही महाधरना में शामिल हुए लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए हर घर नल का जल योजना की पोल खोल कर रख दिया जिसमें महिलाओं ने बताया कि सप्ताह दिन पर ही चार चार दिनों के लिए मोटर खराब रहता है और पानी चलता भी है तो हमारे घरों में गिरता नहीं है। एक साल से यही रवैया बना हुआ है।

धरना में आवास योजना के लाभुकों का छलका दर्दः वहीं आवास योजना के लाभार्थियों ने अपना दर्द बताते हुए कहा कि पूर्व में आंदोलन करने पर नगर परिषद द्वारा उन्हें कायार्देश दिया गया था। लाभुकों ने बताया कि पहली किस्त की राशि तो मिल गई लेकिन छः महीने से ऊपर का समय बीत जाने के बाद भी आज तक दूसरी और तीसरी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। हम लोग रोज-रोज कार्यालय का चक्कर लगाकर हार थक गए है। पूछने पर नगर परिषद का कोई भी कर्मी इस पर संतोष जनक जबाव नहीं देता है।

स्ट्रीट लाईट व सफाई व्यवस्था की खानापूर्ति पर भी बिफरे लोग

धरना में शामिल लोगों ने कहा कि शहर में लगी हुई अधिकांश लाइटें या तो खुल गई है या बंद पड़ी है। जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। साल में कई बार लाइट मरम्मती के नाम पर राशि तो निकाल ली जाती है पर लाइटों को ठीक नहीं किया जाता है। वही साफ-सफाई के मुद्दे पर पूर्व वार्ड पार्षद सोनू राय सहित अन्य लोगों ने साफ सफाई की पोल खोल कर रख दी लोगों ने बताया किस प्रकार से उनके वार्डो का कूड़ा करकट का रोज उठाव नहीं होता है। उनके नालियों की सफाई रोज नहीं की जाती है और न ही चुना या ब्लीचिंग का छिड़काव भी ठीक से किया जाता है। वक्ताओं ने नगर परिषद में व्याप्त आकंठ लूटपाट भ्रष्टाचार पर भी अपना रोष प्रकट किया। वक्ताओं ने कहा कि मार्च महीने में उनकी मांगें पूरी नहीं होगी तो अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, महेंद्र यादव, पवन कुमार, बबन खरवार, दीपक यादव, राजीव रंजन सिंह, संटू मित्रा, गुलाम सरवर, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

डुमरांव स्टेशन का पश्चिमी गेट पांच मार्च तक रात 8 से सुबह 6 बजे तक रहेगा बंद

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव रेलवे स्टेशन का पश्चिमी गेट गुड शेड लाइन निर्माण तथा अन्य मरम्मत कार्य के चलते आगामी पांच मार्च तक रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः बंद रहेगा। वहीं, बाकी समय निर्माण कार्यों को निपटाने के लिए गैप देकर गेट को खोला जाएगा। हालांकि, यात्रियों के आवागमन के लिए स्टेशन के पूर्वी गेट संख्या 66 बी तथा यांत्रिकी गेट संख्या 65 सी खुला रहेगा। इससे यात्री निर्वाध रूप से अपने वाहनों के साथ अपनी यात्रा जारी रख सकेंगे।

डुमरांव स्टेशन के पश्चिमी गेट के समीप वर्षों से लंबित फ्रेट टर्मिनल के निर्माण कार्य में वरीय अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सख्ती बरतने के बाद तेजी आई है। वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश के आलोक में फ्रेट टर्मिनल को जल्द से जल्द शुरू करने की कवायद चल रही है। रेलवे की ओर से प्राप्त सूचना के अनुसार लाइन निर्माण तथा मरम्मत कार्य के लिए 2 मार्च से 5 मार्च तक डुमरांव स्टेशन का पश्चिमी गेट पूर्ण रूप से बंद रहेगा। जबकि दिन में कार्य को ध्यान में रखते हुए फाटक को बंद और खोला जाएगा।

एक नजर

नुक्कड़ नाटक कर लोगो को दी गई साइबर अपराध से बचाव की जानकारी

केसठ। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की केसठ शाखा के सौजन्य से उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों के चंगुल से बचने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक की टीम ने वित्तीय एवं डिजिटल वित्तीय साक्षरता अभियान के अंतर्गत विशेष वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु कई तरह की जानकारियां दी गई। प्रस्तुति भारती कला मंच बक्सर द्वारा किया गया। बताया गया कि आजकल साइबर अपराध की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसके लिए हमें सावधानी बरतनी जरूरी है। इसको लेकर किसी को अपना ओटीपी, एटीएम का पिन नंबर नहीं बताना है। इसके लिए किसी के पास कभी बैंक फोन नहीं करता है। साथ हि लोगों को यह भी बताया गया अगर जो व्यक्ति केसीसी का लोन लेकर समय से चुकाते नहीं है उसका संपत्ति भी जप्त किया जाता है। इसलिए समय पर लोन जमा करना तथा पुनः उसका लाभ लेना सुनिश्चित करें। इस तरह से लोगों को कई जानकारियां दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक केसठ के शाखा प्रबंधक अविनाश प्रधान द्वारा किया गया। मौके पर दीपक कुमार, अंशुमान, सत्येंद्र कुमार, सुबोध कुमार आदि बैंक से कर्मी उपस्थित रहे।

कथावाचक प्रज्ञा पांडेय ने कहा... बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ भक्ति मार्ग से भी जोड़ें

केसठ। नवानगर प्रखंड के चकौड़ा गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीरामचरितमानस व श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से गांव में भक्तिरस की सरिता बह रही है। जिसका नेतृत्व गोरख पांडेय द्वारा किया जा रहा है। यह कथा पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य राधा मोहन दास व परम पूज्य अनंत विभूषित श्री अशोक दास जी महाराज भागवत भूषण अयोध्या के शिष्या प्रज्ञा पांडेय द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान अपने मुखारविंद से मोहनदास ने कहा कि हर व्यक्ति को चाहिए कि दिन भर में कुछ समय निकालकर भगवान का स्मरण जरूर करें। उन्होंने कहा कि मोक्ष और मुक्ति पाने के लिए पूर्व में संत महात्मा हजारों हजार वर्षों तक घोर तपस्या करते थे। लेकिन आज के कलिकाल में भगवान का नाम मात्र से मुक्ति प्राप्त हो जाता है। वही कथा के दौरान प्रज्ञा पांडेय ने अपने मुखारविंद से श्रोताओं के बीच कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को पठन-पाठन के साथ अभी से ही भक्ति मार्ग से जोड़ें ताकि उसका ध्यान कहीं गलत रास्ते पर विचलित न हो। कहा कि शास्त्रों के मुताबिक सचरित्र जीवन बिताना ही मानव जीवन का लक्ष्य है। अतः अध्यात्म के मार्ग पर चलकर हम अपना जीवन धन्य बना सकते हैं। इस तरह से कथावाचकों द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। कथा का समापन विधिवत पूजन के साथ आज शनिवार को होगा। तत्पश्चात रविवार को भंडारे का आयोजन होगा।

चकनी खैरा के पीडीएस दुकानदार पर लगे आरोपों की हुई पुष्टि

केटी न्यूज/सिमरी

सिमरी अंचल के काजीपुर पंचायत अंतर्गत चकनी खैरा गांव के पीडीएस दुकानदार बिनोद चौधरी की मनमानी, प्रति यूनिट अधिक पैसा तथा कम तौल देने की शिकायत की जांच अुनमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी ने सिमरी के प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक से करवाई है। इस जांच में कई उपभोक्ताओं ने उस पर लगे आरोप की पुष्टि करते हुए जांच करने पहुंचे आपूर्ति पदाधिकारी से कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उक्त पीडीएस दुकानदार द्वारा प्रति यूनिट अधिक पैसा लेने के साथ ही कम तौल दिया जाता है।

आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा इसका रिपोर्ट अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी को सौंप दी गई है। अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी ने उक्त पीडीएस दुकानदार से स्पष्टीकरण पूछने के साथ ही उस पर कार्रवाई के लिए एसडीएम को प्रतिवेदन दिया है। एसडीएम के पास मामला पहुंचने के बाद अब उम्मीद जताया जा रहा है कि मनमाने ढंग से वितरण कर उपभोक्ताओं को ठगने तथा पीडीएस कंट्रोल आर्डर 2016 का उल्लंघन करने वाले उक्त दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि स्थानीय ग्रामीण दीपक बिंद पिता रामप्रवेश बिंद ने लोक शिकायत में परिवाद दाखिल करते हुए पीडीएस दुकानदार पर प्रति यूनिट अधिक पैसा लेने, कम तौल देने तथा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

अश्लील व जाति विशेष गाना बजाने पर होगी जेलः ओपीध्यक्ष

- सोनवर्षा ओपी में शांति समिति की बैठक संपन्न
- लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भावना से मनाने की थाना प्रभारी ने की अपील

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा ओपी में होली एवं शब-ए बारात त्योहार को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भावना से मनाने की अपील किया। साथ ही होली एवं शब-ए बारात के त्योहार में शांति-व्यवस्था बनाए रखने में एक-दूसरे को सहयोग करने की उम्मीद जताया। बैठक में ओपीध्यक्ष ने कहा कि त्योहार में यदि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाया तो वैसे लोगों को तुरंत जेल भेज दिया जाएगा।साथ ही अश्लील एवं जाति विशेष संगीत बजाने वाले लोगों को भी नहीं बख्शा जाएगा। शिकायत मिलने पर उन्हें सलाखों के पीछे भेज दी जाएगी। ओपीध्यक्ष ने कहा शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी। उन्होंने लोगों से शराब बंदी को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील किया। वही बैठक में उपस्थित लोगों ने सोनवर्षा बाजार में डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग किया। चूंकि डीजे संचालक अपनी प्रचार प्रसार के लिए प्रतिदिन डीजे बजाते गुजरते हैं। ऐसा में दिल के बीमारी मरीजों को परेशानी हो रही है। साथ ही ओवरब्रिज पुल के नीचे तथा सोनवर्षा- केसठ मार्ग से अतिक्रमण हटाने के मांग किया। जिसपर सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ने इस संबंध में सीओ से वार्ता करने का आश्वासन दिया। बैठक में सोनवर्षा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नंदकुमार, मनिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह मंटू पटेल रामाकांत सिंह मोहम्मद कलामुद्दीन उर्फ बकत अंसारी, राम धनेश तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पांच मार्च को बक्सर जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर होगी बिहार कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा

डीएम-एसपी ने कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर दिए निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर में बिहार कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा 5 मार्च को एक पाली में आयोजित की जाएगी। बक्सर में जिसके लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाये गए है। जहां 7706 अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा दोपहर 12 बजे से लेकर 2.15 तक होगी। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा को कदाचार मुक्त करवाने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसे लेकर डीएम और एसपी द्वारा शुक्रवार की शाम संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर अवस्थित सभागार में परीक्षा से सम्बद्ध सभी केन्द्राधीक्षकों, सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आहूत किया गया।

11 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में एंट्री नहींः बता दें कि 23 दिसंबर, 2022 को बीएसएससी की पहली पाली का पेपर लीक हो गया था, जिसके बाद पहली पाली की परीक्षा रद्द कर दी गई थी।जिसकी पुनः परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन काफी अलर्ट है।अभ्यर्थियों को 11:00 बजे पूर्वाहन के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि प्रवेश के लिए निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। डीएम अमन समीर द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि अभ्यर्थियों के पास ब्लूटूथ, व्हाइटनर, केलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, पेजर, स्मार्टफोन, घड़ी, इयरफोन आदि रखना पूर्ण रूप से वर्जित है।

परीक्षा केंद्र के दो सौ मीटर तक धारा 144

बक्सर एसडीओ को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की दूरी तक धारा 144 लागू करेंगे। 5 मार्च को सुबह से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केन्द्र के आस पास के साईबर कैफे, जिला के कोचिंग सेंटर, टेलीफोन बूथों, फोटो कॉपियर/स्कैनर के कार्यों एवं ठेला आदि पर खाद्य सामग्री चाय, कॉफी, पानी इत्यादि की बिक्री को परीक्षा अवधि में पूर्णतः बंद रखना हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर साईबर सेनानी व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से लगातार नजर बनाये रखेंगे। आपतिजनक टिप्पणी प्राप्त होने पर त्वरित करवाई का आदेश है।

बीडीओ ने की विकास मित्रों के साथ बैठक

बक्सर। बक्सर सदर प्रखंड के बीडीओ दीपचंद जोशी ने शुक्रवार को प्रखंड के सभी विकास मित्रों के साथ बैठक की। बैठक में उन्हें दलित व महादलित परिवारों को लाभान्वित करने वाली सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानाकारी दी। बैठक के दौरान बीडीओ ने विकासमित्रों के दायित्व व भूमिका, विकास रजिस्टर वर्जन-2 में शामिल अवयव और योजनाओं के क्रियान्वयन अनुश्रवण के साथ-साथ लंबित महादलित परिवारों को लाभान्वित करने समेत विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अपर अनुमंडल पदाधिकारी, सीओ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विकास मित्रों को विस्तार से जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके 5 कालिदास स्थित आवास पर भेंट की। इस दौरान जनपद बलिया के विभिन्न विकास के मुद्दे पर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से बलिया में इंवेस्टर समिट में हुए एमओयू को जल्द से जल्द धरातल पर उतारते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी व जनपद के नौजवानों को रोजगार से और स्टार्टअप से जोड़कर उनको तरक्की की तरफ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

महंगाई के खिलाफ गाजीपुर में कांग्रेस ने निकाला जुलूस

केटी न्यूज/गाजीपुर

कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ मोर्चा खोला हैं। सड़क पर जुलूस के रूप में प्रदर्शन करते हुए लोग डीएम कार्यालय पहुंचे और वहां पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मजिस्ट्रेट को होली के ठीक पहले महंगाई एवं अप्रत्याशित रूप से रसोई गैस के दाम में वृद्धि के खिलाफ पत्रक दिया।

विरोध जताते हुए इसे वापस कर महंगाई पर लगाम लगाने की बात कही। डीएम के प्रतिनिधि जॉइंट मजिस्ट्रेट ने यह आश्वासन दिया कि ये पत्रक महामहिम राष्ट्रपति के यहां नियमानुसार पहुंचा दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मोदी सरकार ने आम लोगों के ऊपर त्योहारों से ठीक पहले जो महंगाई बम फोड़ा है वो बहुत ही चिंतनीय है। मोदी सरकार द्वारा इस बढ़े गैस के दाम को तत्काल प्रभाव से वापस लेना होगा अन्यथा,कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क के साथ सदन में भी उठाएगी। सुनील राम ने समर्थकों संग मोदी सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए कहा कि गैस का दाम वापस लो और महंगाई पर रोक लगाओ। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे ने केंद्र और प्रदेश की मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार केंद्र और प्रदेश में आई है महंगाई लगातार बढ़ रही है और इस पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। वहीं एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हो रही है, भारत की आम जनता महंगाई से जूझ रही है तो हमारी केंद्र सरकार ने होली के शुभ अवसर पर तोहफे के रूप में गैस के सिलेंडर के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि कर 50 रुपए बढ़ा दिया। बेलगाम होती इस महंगाई पर मोदी जी की सरकार रोक नहीं लगा पा रही है, जिसका हम कांग्रेस जन विरोध करते हैं।

खबरें फटाफट

गंगा में डूबने से किशोर की मौत

बलिया। दोकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवरामपुर घाट पर स्नान करते समय नदी गंगा में जहां एक किशोर डूब गया। वहीं तीन किशोर बचा लिए गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जाल आदि के सहारे नदी में डूबे किशोर को ढूढ़वाने के कार्य में जुट गई।गोताखोर को भी नदी गंगा में डूबे किशोर को खोजने के लिए उतारा गया। बैरिया थाना क्षेत्र रानीगंज बाजार निवासी नितिन केशरी 15 साल पुत्र भैरव प्रसाद केशरी दिव्याभा इंटर कालेज श्रीपाल पुर में दसवीं का परीक्षा दे रहा था। परीक्षा का अंतिम पेपर देकर वह अपने चार दोस्तों के साथ शिवपुर घाट गंगा स्नान करने चला गया। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण चारों दोस्त डूबने लगे। यह देख स्थानीय लोगों ने तीन किशोरों को तो बचा लिया पर नितिन डूब गया।

ट्रेन चपेट में आने से अधेड़ की मौत

चितबड़ागांव। चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के मानपुर पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार की शाम गोंदिया एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त योगेंद्र पांडेय उम्र 45 पुत्र देवानंद पांडेय के रूप में हुई। योगेंद्र किसी काम से मानपुर रेलवे क्रासिंग के पास गया था, तभी गोंदिया एक्सप्रेस की चपेट मंल आने से मौत हो गई।

होली और शबे-बारात को लेकर डीएम-एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक, लोगों से की अपील

एक दूसरे की गलतियां माफ कर लोग आपस में बांटें पर्व की खुशियां : डीएम

- जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखने का निर्देश
- त्योहारों के दौरान शराब दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हर हाल में रोकने का दिया आदेश

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में आगामी होली एवं शबे-बारात को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओ संग पीस कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने जनपद में त्योहारों को शान्तिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को मनाये जाने की अपील की।

उन्होने कहा कि दोनों त्योहार भाईचारे का त्योहार है। लोग एक दूसरे की गलतियों को माफ कर बड़ा दिल रखते हुए त्योहार को मनाये यही सभी से अपील है। बैठक के दौरान विभिन्न धर्मो के धर्म गुरूओ एंव संभ्रात नागरिको द्वारा त्योहारो को आपसी भाईचारे से मनाये जाने की

सहमति व्यक्त की गयी है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों में किसी भी दुर्घटना आदि की दशा से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाये। अस्पतालों में जीवन रक्षक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने खासकर त्योहारो के दौरान पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ईओ नगर पालिका सहित सभी नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था आदि की भी मानीटरिंग करते रहने हेतु निर्देशित किया। उन्होने जूलुस मार्गों को दुरुस्त करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्ल्यू डी को निर्देशित किया तथा विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि मार्गों में बिजली के तारों आदि को पहले से ही देखकर ठीक कर लिया जाये। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न की जाए।

त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री को रोकने के दृष्टिगत जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को दिये। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों की सभी को शुभकामनायें देते हुए अधिकारियों को टीम भावना के साथ होली, शबेबरात एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण कराने हेतु समर्पित भावना के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करने को कहा।।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि लोग मिल जुल कर शान्तिपूर्ण ढग से सौहार्दपूर्ण वातावरण मे त्योहार मनायें। होली रंगो, फुहारों एवं अल्हणपन का त्योहार है। इसमे हसी मजाक का भी आमोद- प्रमोद रहता है लेकिन किसी भी हालत मे कोई भी व्यक्ति अपनी मयार्दाओ का उलंघन न करे। उसकी स्वतंत्रता तभी तक है जब तक व दूसरो की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप न करे। जिससे समाज के किसी भी धर्म के लोगो को कोई भी दिक्कत न हो। सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति द्वारा कोई भी भ्रामक खबरे न फैलाई जाये। उन्होने पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि खासकर जुलूस निकाले जाने वाले मार्गों पर पुलिस एवं सामान्य प्रशासन के अधिकारीगण मौके पर त्योहारों से पहले स्थलीय भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जागरूक स्थानीय लोगों से व्यक्तिगत रूप में भी सम्पर्क में रहें, संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, पुलिस अधीक्षक शहर गोपी नाथ सोनी व अन्य उपस्थित थे।

इंटरलॉकिंग सड़क धंसी, विकास के नाम पर लूट

केटी न्यूज/मनियर बलिया

नगर पंचायत मनियर में इंटरलॉकिंग सड़क बन रही है लेकिन गुणवत्ता विहीन। बात कर रहे हैं मनियर थाने से कम्युनिस्ट मुहल्ला की तरफ जाने वाले मार्ग का जो बड़ा पोखरा के किनारे बना है। इस सड़क को बनाने में ठेकेदार को काफी पापड़ बेलने पड़े थे। इसके बावजूद भी सड़क ठीक से नहीं बन पाई।

इंटरलॉकिंग सड़क बनी थी लेकिन पोखरे के किनारे सपोर्ट न होने की वजह से टूट गई। फिर उसे दीवाल बनाकर एवं मिट्टी भरकर सड़क तो बनाई गई लेकिन पोखरे के किनारे इंटरलॉकिंग सड़क की मिट्टी नीचे धंसने से सड़क भी धंस

गई है। विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

रेवती में ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत

केटी न्यूज/रेवती

थाना क्षेत्र अंतर्गत बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य कुंआ पीपर रेलवे क्रॉसिंग कुआंपीपर के समीप घर से विद्यालय को जा रही कक्षा चार की छात्रा की ट्रेन की चपेट में आने से शुक्रवार को दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के बिशुनपुरा ग्राम सभा निवासी स्व. दशरथ राजभर की 12 वर्षीया पुत्री गुड़िया अपनी एक सहेली विद्यार्थी के साथ कम्पोजिट विद्यालय कुआंपीपर में पढ़ने के लिए

जा रही थी। गुड़िया कक्षा चार में पढ़ती थी। वह घर से निकलकर विद्यालय जाने के लिए रेलवे लाइन को पार कर रही थी कि अचानक एक ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन के चपेट में आने के बाद छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की खबर सुनते ही मृतका की मां कुसुम देवी सहित परिजन तथा आसपास के लोग भागे भागे मौके पर पहुंचे।वहां की स्थिति देख मां बार बार बेसुध हो जा रही थी।मौके पर पहुचे परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल था।सूचना के पश्चात पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

छठवीं यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गाजीपुर के एथलीट ने जीते दो स्वर्ण और एक रजत पदक

केटी न्यूज/गाजीपुर

छठवीं यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन गाजीपुर के एथलीट खिलाड़ियों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया। गाजीपुर के हैमर थ्रोअर गोलू यादव ने कौशम्बी में 65. 50 मीटर थ्रो करके स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

वहीं, वाराणसी में भोला यादव ने 1500 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक और चंद्र प्रकाश यादव ने 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। संघ के कार्यवाहक सचिव डॉ. रुद्रपाल यादव ने बताया कि गाजीपुर

के एथलीट्स का उम्दा प्रदर्शन लगातार जारी है। अभी कुछ दिन पहले आकाश यादव ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था। आने वाले दिनों में गाजीपुर जिले के कुछ और भी एथलीट अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और जिले तथा देश के लिए मेडल प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. देवेश दुबे एवं उत्तर प्रदेश के एथलेटिक्स संघ के सदस्य सिद्धार्थ कृष्णा, गाजीपुर के क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव, गाजीपुर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष दिवाकर यादव, आनंद यादव, कुश्ती संघ के अध्यक्ष रामाधार यादव, संयुक्त सचिव नागेंद्र व सत्यम दुबे, सविता राजभर, संदीप वर्मा, दीनानाथ, रामअवध, राजेश यादव, कन्हैया, काशीनाथ, अशोक कुशवाहा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अधिशासी अभियंता बोले... लोगों की समस्या का समाधान करना मेरी प्राथमिकता होगी

केटी न्यूज/गाजीपुर

विद्युत वितरण खंड द्वितीय आमघाट में अधिशाषी अभियंता सुजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व संजय सिंह का तबादला मिजार्पुर मंडल में पिछले दिनों हो गया था, इनकी जगह पर इनकी नियुक्ति हुई है। इनका इससे पहले प्रयागराज में तैनाती थी। पत्रकार वार्ता में अधिशाषी अभियन्ता ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता आम उपभोक्ताओं के लिए होगी। समय से बिल, सही से बिल निर्गत करवाना, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित करना, मोहल्ला एवं गांव में विद्युत विभाग की तरफ से कैंप लगाकर लोगों की समस्या सुनकर तत्काल समाधान करने के साथ ही राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए टीम गठित कर कटिया मारो एवं विद्युत चोरों के खिलाफ गहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जो भी गलत तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए पाए जाएंगे उनके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर राजस्व क्षतिपूर्ति के रूप आरसी भेजकर वसूल की जाएगी।

नगर क्षेत्र में जितने भी पोल, तार, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त है। उसको बदलने के लिए रिवैम्ड योजना के तहत मोंटी कार्लो द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि नगर की विद्युत व्यवस्था में कोई कमी न हो।

एक नजर

कदाचारमुक्त परीक्षा... जेएनसीयू में छात्रों की कड़ाई से जांच कर परीक्षा कक्ष में मिल रहा प्रवेश

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय के मार्गदर्शन में तथा निदेशक शैक्षणिक डॉ पुष्पा मिश्रा के निर्देशन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाएं नई शिक्षा नीति के अनुसार नकल विहीन परीक्षाएं कड़ाई से संचालित की जा रही है। जेएनसीयू की परीक्षाएं 30 जनवरी 23 से प्रारम्भ हुई हैं। परीक्षाओं के दौरान प्रोक्टोरियल समिति की ादस्य डॉ रूबी, डॉ विजय शंकर पांडेय, डॉ नीलमणि त्रिपाठी एवं डॉ मनोज द्वारा छात्र छात्राओं की कड़ाई से जांच की जा रही है। परीक्षा की केंद्राध्यक्ष डॉ पुष्पा मिश्रा ने बताया कि अभी तक कुल 24 विषयों की परीक्षाएं सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है साथ ही विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग किये जाने की अवस्था मे उनपर कार्रवाई की जा रही है।

मिलावटखोरी के विरुद्ध कार्रवाई...खाद्य विभाग की छापेमार टीम ने लिया 13 नमूना

बलिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र के निर्देशन खाद्य पदार्थो में मिलावट के विरुद्ध लगातार छापेमारी की कार्यवाई की जा रही है।

अभियान के तीसरे दिन छापेमार टीम ने मटिहि बाजार, चिलकहर, रसड़ा व बांसडीह में कार्यवाही करते हुए 13 नमूने लिये। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी0के0 राय के नेतृत्व में छापेमार टीम ने मटिहि बाजार, चिलकहर, रसड़ा व बांसडीह के बाजारों में बेकरी व स्वीट्स के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान पनीर, लालमोहन, नमकीन, पापड़, बेसन, काजू बर्फी, छेना मिठाई, वनस्पति व घी के लड्डू के 13 नमूने लिये। एकत्रित किये गए नमूने को प्रयोगशाला भेज दिया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय श्री मिश्र ने बताया कि होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य पदार्थो में सम्भावित मिलावट को रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से सक्रिय होकर लगातार कार्यवाही कर रहा है। छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार, अनिल कुमार यादव, चन्द्रप्रकाश यादव व खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति से मोहा मन

मऊ। रानीपुर शिक्षा क्षेत्र रानीपुर के कम्पोजिट विद्यालय काझा नम्बर दो में शुकवार को विद्यालय वार्षिकोत्सव चहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा संतोष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सिंह रहे।कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा संतोष कुमार सिह ने मा सरस्वती के चित्र परे दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्रों की हौसला आफजाई की उन्होंने कहा शिक्षक लगन के साथे अपने कार्यो का निर्वहन करे हमारा समाज इन्ही विद्यालयो पर टिका हुआ है पढ़ाई लिखाई के साथ साथ समाज मे परिवर्तन लाने के लिए भी कार्य करे। विद्यालय के छात्रे छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किये गए विभिन्ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रमों में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्धे कर दिया। मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की तरफ से स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेट किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश्वर प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संगीता यादव, ब्रम्हानन्द सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रसेनजित,रवि प्रकाश गौतम,विनीत भारती,रेखा सिंह,अजय शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

मऊ में प्रशासन ने निकाला रूट मार्च

मऊ। शबे बारात एवं होली पर्व को देखते हुए शुक्रवार संध्या अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक डॉ अजय

विक्रम सिंह कोतवाल संजय कुमार त्रिपाठी समेत पुलिस पीएसी एवं महिला पुलिस कर्मियों द्वारा स्थानीय कोतवाली परिसर के एक रूट मार्च निकाला। गया रूट मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को आश्वस्त किया कि दोनों पर्वों को मिलजुल कर मनाएं। प्रशासन एवं पुलिस के लोग सदैव आपके साथ हैं कोई नई परंपरा ना डालें अफवाहों पर ध्यान ना दें। लोगों को आश्वस्त किया यह रूट मार्च शहीद चौराहा विजय स्तंभ चौक शंकर तिराहा चुंगी होते हुए वलीदपुर नगर पंचायत पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस रूट मार्च में चौकी प्रभारी खैराबाद संतराज प्रसाद मनोज कुमार सिंह समेत समस्त पुलिसकर्मी एवं महिला पुलिसकर्मी साथ रही।